राज्यपाल के सामने दिया डैशबोर्ड का प्रस्तुतिकरण

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) राजकीय विद्यालयों के लिए डैशबोर्ड को तैयार कर रहा है। इस डैशबोर्ड का प्रस्तुतिकरण विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) के सम्मुख किया।

कुलपति ने बताया कि इस डैशबोर्ड में विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के पास उपलब्ध संसाधनों का ब्योरा, विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों का विवरण, विद्यालय में तैनात अध्यापकों का विवरण, उनकी योग्यता, विशेषज्ञता, विद्यालय के पास उपलब्ध फर्नीचर, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि का पूरा रियल टाइम ब्योरा उपलब्ध रहेगा।

राज्यपाल बोले- इससे समय पर होगी निगरानी

उन्होंने कहा कि इसमें सभी विद्यालय डाटा भरेंगे। राज्यपाल ने कहा कि डैशबोर्ड के माध्यम से सभी स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों की रियल टाइम मॉनीटरिंग की जा सकेगी।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से डैशबोर्ड में आवश्यक सुधार और विद्यालयों की अद्यतन जानकारी जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय एआई व टेक्नोलॉजी का है हमें उसका लाभ लेना जरूरी है। कहा कि डैशबोर्ड कल्चर से विद्यालयों के विकास और शिक्षा के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। इस दौरान अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु आदि मौजूद थे। ब्यूरो